# प्रेस नोट- जनपद मुजफ्फरनगर

# दिनांक-04.06.2025

➢ **<u>थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार, चोरी किया माल बरामद-</u>**

दिनांक 04.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजीत सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 182/2025 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस व धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर अभियुक्तगण 1. करन पुत्र बालकरन निवासी जडोदा चौराहे के पास थाना मंसूरपुर मु0नगर उम्र करीब 23 वर्ष 2. कृष्णा पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम नगला तासी थाना कंकरखेडा मेरठ हाल पता ग्राम नरा थाना मंसूरपुर मु0नगर को बुढाना रोड पर वाईपास से कुछ आगे दाहिनी ओर जाने वाले रजवाहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित एक अदद तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 छुरी, एक बिक्की, 03 बैटरे,01 सोलर इन्वेटर राउटर,01 एलसीडी,01 झटका मशीन,01 डीवीआर,01अल्टीनेटर बरामद किये गये।

➢ **<u>थाना फुगाना पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 04.06.2025 को थाना फुगाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजकुमार नादर मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0सं0 44/25 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त शुभम पुत्र जयवीर सिंह नि0 ग्राम डूंगर थाना फुगाना मु0नगर को फुगाना चौराहे से गिरफ्तार किया गया व पीडिता को बरामद किया गया ।

➢ **<u>थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शराब सहित गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 04.06.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनोज कुमार मय हमराहिगण द्वारा अभियुक्त मोहित उर्फ माया पुत्र योगेश निवासी ग्राम भौराखुर्द थाना भौराकलां मुजफ्फरनगर को गढी चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 21 पव्वे देशी शराब बरामद की गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना भौराकलां पर मु0अ0स0 58/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।